# शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)



## मैं नही ,आप

# पौधा रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में "वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन" सबसे महत्वपूर्ण है वृक्ष धरा का भूषण है इस वाक्य की सार्थकता को सिद्ध करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के द्वारा प्रतिवर्ष 400 से अधिक वृक्ष लगाए जाते हैं तथा उनके संरक्षण का भी ध्यान रखा जाता है स्वयंसेविकाओं के द्वारा समाज में वृक्षारोपण के प्रति अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है तथा सभी स्वयंसेविकाओं के द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया।

**सुखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार**








# नशा मुक्ति के लिए के कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना में नशा मुक्ति के अनेक कार्यक्रम चलाएं जाते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में नशमुक्ति सबसे ज्वलंत विषय है जिस पर स्वयं सेविकाओं के द्वारा विशेष रूप से कार्य किया जाता है नशा नाश की जड़ है वर्तमान समय में नशा समाज के विकास में बाधक है समाज को नशा मुक्त करने के लिए स्वयं सेविकाओं द्वारा अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता  फैलाई जा रही  है कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र से जुड़कर कार्य किया जा रहा है।






# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय स्तर पर वोटर आईडी बनवाने हेतु जागरूक किया एवं वोटर आईडी भी बनाया NSS वॉलंटियर ने नुक्कड़ नाटक एवं  रैलीं के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक किया (बघेरा, मोहलाई, कोटनी, रायपुर नाका, सुपेला )NSS वालंटियर ने पोस्टर् मेहंदी ,बैलूनफेस्टिवल, साइकिल रैलीं, रंगोली काईट अंब्रेला फेस्टिवल इत्यादि कार्यक्रम के माध्यम से जनता को लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया तथा इसके साथ-साथ 7 मई को स्वयंसेविकाओ ने सेवा दान किया।**









# वृद्धजनों की सहायता

**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं के द्वारा वृद्ध जनों की सहायता के लिए अनेक कार्य किया जाता है स्वयं सेविकाओं ने वृद्ध आश्रम जाकर स्वेच्छा से उनकी सहायता की। उनके साथ समय व्यतीत किया जिससे स्वयंसेविकाओ को उनकी आवश्यकताओं को जानने का अवसर मिला। मतदान के समय स्वयं सेविकाओं व स्वयंसेवको के द्वारा मतदान करने व मतदान केंद्र तक पहुंचने मे वृद्धजनों की सहायता की गयी।**





# सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण

**सांस्कृतिक धरोहर राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जहां हमें अपनी संस्कृति को दिखाने का अवसर प्राप्त होता है वर्तमान में हम अपनी सभ्यता व संस्कृति को खोते जा रहे हैं इसे संरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा कार्य किया जाता है महाविद्यालय में तीन दिवसीय नाट्यशाला के आयोजन द्वारा सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया इसके अलावा NSS के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक, आदिवासी नृत्य आदि के माध्यम से भी जागरूकता फैलाया जाता है जिससे हमारी सभ्यता संस्कृति संरक्षित रह सके।**







# स्वच्छता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। गांव, राज्य, देश, संपूर्ण राष्ट्र को स्वच्छ बनाने हेतु स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम चलाया गया गांधी जयंती के दिन आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई के माध्यम से लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने हेतु जागरूक किया गया देश के युवा स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे तो हमारे देश का भविष्य भी उज्जवल होगा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं ने रैली पोस्टर  के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।









# पोषण आहार

**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं ने हमारे देश मे सभी व्यक्तियों को स्वस्थ एवं सदैव स्फूर्ति से भरे रहने हेतु पोषण आहार के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया एनएसएस के स्वयंसेविकओ ने घर-घर जाकर पोषण आहार की जानकारी दी। जिसमे लोगो को बताया गया कि पोषण आहार हमारे शरीर के वृद्धि एवं विकास में किस प्रकार सहायक है आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शालाओं में जाकर बच्चों को पोषण आहार से अवगत कराया गया । स्वयंसेविकाओ ने पोस्टर एवं मिलेट्स प्रोग्राम के द्वारा महाविद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया।**






# उपसंहार

**NSS इकाइयां उन गतिविधियों का आयोजन कर सकती है जो समाज के लिए प्रासंगिक है समाज की जरूरत के अनुसार शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा कार्यक्रम महिलाओं की स्थिति में सुधार उत्पादन में मुख्य कार्यक्रम आपदा राहत और पुनर्वास संबंधी कार्यक्रम सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान ,डिजिटल भारत कौशल भारत योग इत्यादि प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करना आदि शामिल है**

# "धन्यवाद"